तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 25 मई 2026

10 पूर्व सैनिक परिषद ने युवाओं को कराया...

10 सैनिक सेवा परिषद के सम्मान समारोह में ...







## आरबीआई ने सिखाई शाखा प्रबंधक और कैशियरों को नकली नोट पहचान तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर में बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने तथा ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। प्रशिक्षण में भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने बस्तर संभाग के सातों जिलों के शाखा प्रबंधकों एवं कैशियरों को नकली नोटों की पहचान, क्लीन नोट पॉलिसी, सुरक्षा मानकों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

शनिवार को कांकेर, कोंडागांव एवं नारायणपुर जिले की शाखाओं के लिए तथा रविवार को बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले की शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर के सभा कक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय से आए प्रबंधक मंगेश मेश्राम एवं सहायक प्रबंधक प्रफुल तायड़े ने बैंक कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शाखा प्रबंधकों एवं कैशियर कार्य से जुड़े कर्मचारियों को नकली भारतीय मुद्रा नोट, अत्यधिक गंदे अथवा अनुपयोगी नोटों तथा कटे-फटे नोटों के संबंध में आवश्यक सुरक्षा मानकों एवं तकनीकी जानकारी से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान आरबीआई अधिकारियों ने नोटों के सुरक्षा मानकों की पहचान करने की विस्तृत ▶▶| शेष पेज 10 पर

### अब काउंटर पर ही पकड़े जाएंगे नकली नोट

#### प्रश्नोत्तरी सत्र में अनुभव बताए

प्रशिक्षण के अंतिम चरण में प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें बैंक कर्मचारियों से उनके अनुभव एवं समस्याओं की जानकारी लेकर समाधान संबंधी दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दैनिक बैंकिंग कार्यों की दृष्टि से उपयोगी एवं व्यवहारिक बताया।




#### ये रहे मौजूद

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.एस. ध्रुव, अतिरिक्त प्रबंधक एस. ए. रजा, मुख्य लेखापाल गौरव शर्मा, सीबीएस नोडल अधिकारी गुलशेर मोहम्मद, तकनीकी अधिकारी आसिफ खान, स्थापना प्रभारी संजय पाण्डेय, नोडल अधिकारी मनोज वानखेड़े सहित संभाग के समस्त शाखा प्रबंधक एवं कैशियर उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप

#### डंगाल टूटकर गिरने से बंद रही बिजली



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी शहर के धरमपुरा जोन में रविवार को विद्युत लाइन में डगाल टूटकर गिरने से बिजली बंद हुई, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। हालांकि सूचना मिलते ही सहायक अभियंता एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में विद्युत कर्मचारियों ने स्थल में पहुंचकर बंद बिजली को बहाल किया।

#### दिल्ली तक सप्ताह में 3 दिन चले स्पेशल ट्रेन

**जगदलपुर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि समर स्पेशल ट्रेन चलाकर भाजपा सरकार ने यह साबित कर दिया है कि जगदलपुर से दिल्ली तक डायरेक्ट



ट्रेन चलाई जा सकती है। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि यह ट्रेन केवल राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से चलाई गई। एक दिन में लगभग 1400 से अधिक यात्रियों ने बस्तर से यात्रा की है यह स्पष्ट संकेत है कि इस रूट पर नियमित रूप से यात्रियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध है। ऐसे में रेलवे को इस ट्रेन को सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाना चाहिए, जिससे रेलवे को भी लाभ होगा। हम भारत सरकार और रेलवे से मांग करते हैं कि जगदलपुर से दिल्ली के लिए चलाई गई समर स्पेशल ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन नियमित रूप से संचालित किया जाए, ताकि बस्तरवासियों को राजधानी दिल्ली तक सुगम रेल सुविधा मिल सके। इससे बस्तर के व्यापारियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों एवं ओडिशा के व्यापारियों को भी देश की राजधानी से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इलाज, व्यापार, पर्यटन और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए यह ट्रेन बस्तरवासियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

### सर्चिंग : लगातार मिल रहे हैं नक्सली डप

## सुकमा जिले के चिंतलनार और चिंतागुफा थाने के गांवों में मिले नक्सल सामान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला सुकमा के थाना चिंतलनार क्षेत्रांतर्गत ग्राम नागाराम के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान शनिवार को माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे सामग्रीयां बरामद की गई। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि इनमें एके.-47 राउंड-29, डेटोनेटर-2, स्टील का टिफिन 1, चार्जर 1, वर्दी कपड़ा- 1, लुंगी, कपड़ा 3, सैलो टेप 2 एवं दैनिक उपयोगी सामग्री शामिल है। वही रविवार को थाना चिंतागुफा क्षेत्रांतर्गत ग्राम ईरापल्ली के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान लैपटॉप-1, वायरलेस रेडियो सेट मोटोरोला जीपी328 एवं आईकोम आईसी-वी8 - 2, यूएसबी कार्ड रीडर सैंडिस्क 2 , फ्लैश लाइट 1, दिशात्मक माइनिंग हेतु आयरन पाइप 1 , स्टील बॉल बेयरिंग पैकेट वायर कटर सहित-100 , एनाउंसमेंट माइक 1 , इलेक्ट्रिक कॉपर वायर 2 बंडल प्रत्येक 90 मीटर, बीजीएल राउंड का खाली केस 1, सुतली बम- 8 , स्टील कंटेनर 1, कलर पेंट 2 डिब्बा, चार्जर केबल 1, चार्जेबल बैटरी 2, टॉर्च 1, लाल रंग के माओवादी झंडे 4, ऑक्स केबल 2 तथा माओवादी पुस्तकें 3 बरामद किया गया है।

#### मिल रहे सामान

नक्सलवाद खत्म होने के बाद अंदरूनी क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में फोर्स का सर्चिंग अभियान जारी है। इस दौरान 2 दिन में सुकमा जिले के थाना चिंतलनार के ग्राम नागाराम तथा थाना चिंतागुफा के ग्राम ईरापल्ली में हथियार समेत बड़ी मात्रा में नक्सल सामान मिले है।

सुंदरराज पी
आईजी बस्तर

## बाजार में पहुंचा आंध्रप्रदेश और कर्नाटक का टमाटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बाजारों में आंध्रप्रदेश और कर्नाटक से आने वाला टमाटर 40 रुपए प्रति किलो के भाव से बिका रहा हैं। शहर के बाजारों में टमाटर मुख्य रूप से पड़ोसी राज्यों से आ रहे हैं, जिससे आपूर्ति बनी रहती है। टमाटर की कीमतों में अचानक आए उछाल ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। आपूर्ति की कमी और बेमौसम बारिश के कारण टमाटर की दरें आसमान में है। बेमौसम बारिश के कारण टमाटर की फसल को भारी नुकसान पहुंचता है, लोकल टमाटर खराब होने से बाजार में पड़ोसी राज्यों से प्रतिदिन 4-5 ट्रक टमाटर पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि रविवार को बाजार में टमाटर 40, तरबूज 60, परवल 40, करेला 40, पत्तागोभी 20, फूलगोभी 40, बरबट्टी 40, भट्टा 50, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 30, गंवरफल्ली 30, सेम 60, खेक्सी 100 रुपए प्रतिकिलो की दर में बिक रहा है। साथ ही लालभाजी, पालकभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिकी रही है।

#### केंद्रीय विद्यालय की छात्रा आभा ने 12 वीं में हासिल किए 91.4% अंक



**जगदलपुर।** केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर की छात्रा आभा ध्रुव ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं में 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में हर्ष है। आभा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों तथा नियमित अध्ययन को दिया। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने आभा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन के कारण केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर निरंतर उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। छात्रा की इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी।

## 2 टिप्पर और 2 ट्रैक्टर जब्त अवैध भंडारण का जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई के तहत 23 मई को खनिज अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में विभाग की टीम ने बस्तर और बडांजी क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई की।

जांच के दौरान 2 टिप्पर और 2 ट्रैक्टर को अवैध रूप से रेत परिवहन करते पकड़ा गया। खनिज अमले ने वाहनों सहित रेत को जब्त कर पुलिस थाना बस्तर की अभिरक्षा में रखा है। वहीं ग्राम पालाबहार और बड़े आमाबाल क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण का एक प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई में जिला खनिज जांच दल के सदस्य सहायक खनि अधिकारी जागृत गायकवाड़, खनि निरीक्षक अंकित पुरी, सिपाही डिकेश्वर खरे और कृष्णा उपस्थित रहे। खनिज विभाग ने बताया कि संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निदेर्शानुसार जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार जांच और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## समग्र विकास के लिए नवाचार जैसे कार्य करते रहें : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 22 शिक्षकों को उत्कृष्ट, नवाचारी शिक्षण के लिए डीएमसी ने किया सम्मानित

जिला मिशन समन्वयक अशोक पाण्डे ने बस्तर जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत 7 विकासखंड से उत्कृष्ट, नवाचार शिक्षण करने वाले 22 शिक्षकों को सम्मानित किया। विनोबा ऐप के माध्यम से हर महीने जिले के नवाचारी शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ और विभिन्न कौशल संवर्धन पहल में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाता है। इसके अलावा बोलेगा बचपन, टॉप 3 क्लस्टर और उत्कृष्ट कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों का भी सम्मान किया जाता है। अशोक पाण्डे ने सभी सम्मानित शिक्षकों की सराहना करते उन्हें प्रोत्साहित ▶▶| शेष पेज 10 पर



#### पोस्ट ऑफ द मंथ

माह अप्रैल के पोस्ट ऑफ द मंथ में 9 शिक्षक नितेश चंद्र साहू, थानलेश गंजीर, प्रीति पाल, हीरसिंह सिहारे, उपासना देवांगन, अपर्णा पॉल, रीना साहू, डॉ.रीता शुक्ला, संगीता शोरी शामिल हैं।

#### स्पर्धा विनर

स्पर्धा विनर में 13 शिक्षक गेंदकुमारी तिवारी, वेणुधर जोशी, किरण तिवारी, मीरा नाग, उमाशंकर साहू, गीता सिन्हा, रिंकी नेताम, नागेश्वर साहू, वैशाली त्यागी, नेहा श्रीवास, मीरा सिंह, निशा साहू, जयमनी मौर्य और बोलेगा बचपन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## साहीवाल नस्ल की गाय और मुर्राह भैंसों से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की तकनीक जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- राष्ट्रीय संस्थानों की कार्यप्रणाली को छात्रों ने समझा
- कृषि महाविद्यालय के 90 विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण में उत्तर भारत गए

वर्तमान शिक्षा पद्धति को अधिकाधिक व्यावहारिक, रोजगारोन्मुखी एवं विद्यार्थियों के मध्य उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने कृषि संकाय के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। कृषि महाविद्यालय जगदलपुर के अधिष्ठाता डॉ. आरएस नेताम के मार्गदर्शन में उत्तर भारत के राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों का भ्रमण किया। डॉ. अश्विनी ठाकुर, सहसंचालक, जोनल एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर एवं डॉ. एन. सी. मंडावी, प्रभारी शैक्षणिक शाखा के प्रयासों से बी. एस. सी. कृषि तृतीय वर्ष के 90 छात्र-छात्राओं को पांच



प्राध्यापकों के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक भ्रमण पर भेजा गया। टीम को 4 दलों में बांटकर भ्रमण कराया गया, जिसका नेतृत्व डॉ. पीके सलाम, डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. सत्येंद्र कुमार गुप्ता, डॉ. चेतना खांडेकर एवं संदीप ने किया। जबकि छात्र सौरभ के नेतृत्व में पूरा टूर अनुशासित रहा।

दिल्ली, करनाल, मनाली एवं देहरादून के शीर्ष संस्थानों को करीब से विद्यार्थियों ने देखा। जिसमें दिल्ली के कृषि अनुसंधान संस्थान, नेशनल प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेस और नेशनल जीन बैंक का विजिट कर वहां की कार्यप्रणाली और एडवांस कृषि प्रणाली का अवलोकन सह अध्ययन किया। जहां आईएआरआई ▶▶| शेष पेज 10 पर

### पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

## राष्ट्र व जनसेवा में अग्रणी भूमिका निभाएं कार्यकर्ता : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बीजापुर में पहुंचे वरिष्ठ नेता श्रीनिवास

भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को लगातार प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से प्रशिक्षित कर रही है। पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत शनिवार को बीजापुर के डीएवी स्कूल माजीगुडा में भाजपा के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा थे उन्होंने इतिहास एवं विकास पर सम्बोधन दिया। श्री मिश्रा ने प्रशिक्षण वर्ग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा की पहचान उनके कर्मठ व समर्पित कार्यकर्ता है । राष्ट्रसेवा व जन सेवा में कार्यकर्ता सदैव अग्रणी भूमिका निभायें। इस



हेतु कार्यकत्तार्ओं को निपुण, प्रवीण और प्रखर बनाने प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक है जो कि संगठन का नियमित कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा की रीति नीति, सिद्धांत, कार्य पद्धति से कार्यकर्ता परिचित व प्रशिक्षित होते है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से कार्य करता है, संगठन को सशक्त रुप देने सदैव समर्पित भाव रखता है। उन्होंने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। गरीब परिवार कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सके, इस भावना को साकार रुप देने कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंच कर कार्य करें। राष्ट्र सर्वप्रथम है और जनता की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता है। संचालन जिला महामंत्री फूल चंद गागडा ने किया।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट, जिला प्रभारी दीपेश अरोरा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, लक्ष्मी नारायण मुदलियार, नवीन विश्वकर्मा, बस्तर जिले के वरिष्ठ नेता चन्द्रशेखर जोशी, बस्तर जिला के किसान मोर्चा के सह कोषाध्यक्ष प्रकाश रावल सहित पार्टी के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित जिला प्रशासन हुआ सतर्क

**कोण्डागांव।** आगामी मानसून को देखते हुए बाढ़, अतिवृष्टि एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव और त्वरित सहायता के लिए जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिला कार्यालय कोण्डागांव के कक्ष क्रमांक–38 में मानसून समाप्ति तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष संचालित रहेगा। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के लिए दूरभाष क्रमांक जारी किया गया है, जिस पर आम नागरिक आपात स्थिति में संपर्क कर सकते हैं। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा जारी आदेश के अनुसार राहत शाखा प्रभारी एवं अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर को बाढ़ नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। भू–अभिलेख शाखा की अधीक्षक सुश्री सुषमा मण्डावी को बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। जिला प्रशासन ने मानसून अवधि में सतत निगरानी एवं त्वरित राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### आधुनिक खेल अकादमी 13 से 17 वर्ष के खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

**कोण्डागांव।** बस्तर जिले में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आवासीय खेल अकादमी शुरू की जा रही है। अकादमी में एथलेटिक्स, तीरंदाजी और फुटबॉल खेल शामिल किए गए हैं। इसमें 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक खिलाड़ी प्रवेश ले सकेंगे। खिलाड़ियों के चयन हेतु प्रवेश परीक्षण 28 एवं 29 मई 2026 को प्रातः 7 बजे से क्रीड़ा परिसर धरमपुरा, जगदलपुर में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों को 27 मई शाम 5 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। साथ ही आयोजन स्थल पर निर्धारित तिथि में सुबह 7 बजे पंजीयन कर सीधे ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

### मेधावी छात्र- छात्राओं का सम्मान समाज के नियमों की भी दी जानकारी



**केशकाल।** अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ द्वारा वार्षिक महासभा अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बंजारा समाज के आराध्य गुरु नानक देव , संत सेवालाल महाराज एवं याडी मेरामा के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सभा प्रारंभ होने से पूर्व सभापति जीवन राठौर का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष सुखिया राम चौहान की अध्यक्षता में, प्रदेश के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला ललिता भारद्वाज, मोहन भारद्वाज प्रदेश प्रवक्ता सहित चारो ब्लाक के अध्यक्ष टांडा प्रभारी सियान सज्जन युवा महिला युवतियां की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम ज़िला सचिव भुनेश्वर राठौर द्वारा आय व्यय प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, सचिव, कार्यकारी अध्यक्ष तथा जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं सचिव का चयन भी किया गया। अधिवेशन में सत्र 2025-26 की 10वीं एवं 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को समाज के बच्चों को प्रेरित करने हेतु अपने अनुभव, मेहनत और सपनों को मंच के माध्यम से साझा करने का अवसर प्रदान किया गया। इसके पश्चात सामाजिक गतिविधियों एवं समाज उत्थान पर चर्चा की गई। समाज की प्रगति एवं विकास के लिए समाज को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए, समाज के नियम क्यों आवश्यक हैं तथा उनका पालन क्यों जरूरी है। इस विषय पर उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। समाज के नियमों को भी सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसने सबका मन मोह लिया। उपस्थित लोगों ने सराहा। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन मोतीलाल राठौर, पुरषोत्तम नायक द्वारा किया गया।

# पूर्व सैनिक परिषद ने युवाओं को कराया तैराकी अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने 24 मई को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक एवं युवतियों के लिए विशेष तैराकी अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षणार्थियों को स्विमिंग पूल में तैराकी का अभ्यास कराया गया, जिससे उनमें नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और उत्साह का संचार हो सके।

विदित हो कि जिले के पूर्व सैनिकों द्वारा प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक विकास नगर स्टेडियम में युवक एवं युवतियों को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में युवा सेना और सुरक्षा बलों में भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। इसी क्रम में फिजिकल ट्रेनिंग के दौरान होने वाले तनाव और थकान को दूर करने तथा प्रशिक्षणार्थियों के मनोरंजन एवं मानसिक उत्साहवर्धन के उद्देश्य से यह तैराकी अभ्यास आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषद के जिला अध्यक्ष सूरज यादव, सदस्य श्रीकांत तिवारी, ढालेश साहू, राकेश धीवर सहित बड़ी संख्या में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।



## निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों में भरा उत्साह

### तैराकी स्वास्थ्य और आत्मविश्वास दोनों बढ़ाती है : साहा

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि तैराकी केवल एक जलक्रीड़ा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और आत्मविश्वास बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि तैरना हर व्यक्ति के लिए आवश्यक कौशल है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। आपात परिस्थितियों में स्वयं तथा दूसरों की जान बचाने में भी मदद मिलती है।



### जिला अध्यक्ष सूरज ने बताए तैराकी के लाभ

जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने युवाओं को तैराकी के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि नियमित तैराकी से शारीरिक क्षमता बढ़ती है और मानसिक तनाव कम होता है। युवक–युवतियों के साथ पूर्व सैनिकों ने भी स्विमिंग पूल में तैराकी का आनंद लिया। गानों की धुन पर युवाओं और पूर्व सैनिकों ने उत्साहपूर्वक नृत्य भी किया, जिससे पूरा माहौल उत्साह और ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व सैनिक श्रीकांत तिवारी की ओर से सभी प्रशिक्षणार्थियों को पौष्टिक आहार वितरित किया गया।

## परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष मेजर प्रवीण सिंह का किया ऐतिहासिक स्वागत

# सैनिक सेवा परिषद के सम्मान समारोह में मेजर ने सैन्य प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई कोंडागांव द्वारा परिषद के नव मनोनीत प्रांतीय अध्यक्ष मेजर प्रवीण सिंह के प्रथम कोंडागांव आगमन पर शुक्रवार को भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष पद संभालने के बाद यह उनका पहला कोंडागांव दौरा था, जिसे लेकर परिषद कार्यकर्ताओं और पूर्व सैनिकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मेजर प्रवीण सिंह के साथ राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेन्द्र मिश्रा, प्रांतीय महामंत्री किशोरी लाल साहू एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी देवेंद्र डडसेना भी कोंडागांव पहुंचे। प्रातः 6:30 बजे मेजर प्रवीण सिंह एवं अन्य अतिथियों ने डीएनके मैदान पहुंचकर परिषद द्वारा संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान कोंडागांव, बड़ेराजपुर एवं फरसगांव विकासखंड से पहुंचे प्रशिक्षणार्थियों ने दौड़ गोला फेंक, ऊंची कूद और लंबी कूद का प्रदर्शन किया। प्रांतीय अध्यक्ष ने युवाओं के अनुशासन, मेहनत और प्रशिक्षण स्तर की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेन्द्र मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि कोंडागांव जिला इकाई समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि परिषद लगातार युवाओं में राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की भावना विकसित करने के लिए निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण, सामाजिक जागरूकता और सेवा कार्य संचालित कर रही है। उन्होंने पदाधिकारियों और सदस्यों से संगठन को और मजबूत बनाने तथा सामाजिक समरसता के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि परिषद से प्रशिक्षण प्राप्त कर नगर सेना में चयनित युवतियां भी समारोह में शामिल हुईं। उनकी उपलब्धि को संगठन और प्रशिक्षण व्यवस्था की बड़ी सफलता माना गया। इसके बाद सभी अतिथि परिषद कार्यालय पहुंचे, जहां भारत माता के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगठन गीत के साथ हुई। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से कोंडागांव जिला इकाई की गतिविधियों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

### पूर्व सैनिक समाज के प्रेरणास्रोत

अपने संबोधन में मेजर प्रवीण सिंह ने कहा पूर्व सैनिकों का अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। परिषद केवल संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा और सामाजिक चेतना का मजबूत माध्यम है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्रहित में अनुशासन और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव की ओर से सभी अतिथियों को शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने सभी अतिथियों, पूर्व सैनिकों, मातृशक्ति एवं प्रशिक्षणार्थियों का आभार व्यक्त किया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों के बीच उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र सेवा और संगठन सशक्तिकरण का संकल्प लिया।

### इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

इस अवसर पर बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सहसचिव रवि ठाकुर, फरसगांव ब्लॉक सचिव रिकेश कुंवर, बड़ेराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष रूपउ राम मरकाम, सदस्य श्रीकांत तिवारी, ढालेश साहू, प्रेम सिंह देवांगन, रतिराम सोरी, सैन्य मातृशक्ति अध्यक्ष श्रीमती चांदनी कोर्राम, सहसचिव श्रीमती आकांक्षा तिवारी, श्रीमती ममता साहा, श्रीमती क्षमा यादव, श्रीमती ऐनु साहू, श्रीमती अंजू पवार, श्रीमती कविता ठाकुर, हीरा तालुकदार सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, मातृशक्ति एवं 150 युवा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार बना उम्मीद की नई किरण, क्लब फुट से पीड़ित मासूम को मिला उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार अब केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनता जा रहा है। इसका प्रेरणादायक उदाहरण जिले के फरसगांव विकासखंड के ग्राम चंदागांव में देखने को मिला, जहां एक मासूम बच्चे को समय पर उपचार की नई उम्मीद मिली।

5 मई को ग्राम चंदागांव में आयोजित सुशासन तिहार शिविर के दौरान मास्टर आरुष नेताम के परिजनों पिता फूलसिंह नेताम एवं माता श्रीमती सोमनाई नेताम ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि आरुष जन्म से ही दोनों पैरों की जन्मजात विकृति 'क्लब फुट' से पीड़ित है। इस कारण उसे चलने-फिरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। आवेदन प्राप्त होते ही फरसगांव स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की। स्वास्थ्य विभाग के आरएमए प्रभास देबनाथ ने स्वयं बच्चे के घर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके बाद आवश्यक दस्तावेज तैयार कर चिरायु टीम से समन्वय स्थापित किया गया। स्वास्थ्य विभाग, चिरायु टीम एवं मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सतत प्रयास और लगातार फॉलोअप के परिणामस्वरूप मास्टर आरुष नेताम को रायपुर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल के आर्थोपेडिक वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां उसका विशेष उपचार प्रारंभ हो चुका है।



### समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

मुख्यमंत्री की मंशानुसार सुशासन तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन अब दूरस्थ आदिवासी अंचलों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है। यह पहल न केवल समस्याओं के निराकरण का माध्यम बन रही है, बल्कि जरुरतमंद लोगों के जीवन में नई आशा और बेहतर भविष्य की राह भी खोल रही है।

# कांग्रेस की दिल्ली एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में युवा नेता मेमन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी माइनॉरिटी एडवाइजरी काउंसिल की प्रथम बैठक इंदिरा भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल तथा राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस जनाब इमरान प्रतापगढ़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं कोंडागांव के अमीन मेमन ने भी सहभागिता करते हुए अल्पसंख्यक समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार रखे।

**राहुल गांधी की ''मुहब्बत की राजनीति'' पर हुआ मंथन** – बैठक में देश के वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक माहौल पर विस्तृत चर्चा की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा की ''नफरत की राजनीति'' के मुकाबले कांग्रेस देश में प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सद्भाव की राजनीति को आगे बढ़ा रही है। राहुल गांधी ने सभी वर्गों और समाजों को समान सम्मान और अधिकार देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा देश को जोड़ने और संविधान की मूल भावना को मजबूत करने की राजनीति करती है।

**कोंडागांव के अमीन मेमन ने रखी छत्तीसगढ़ की आवाज** – प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन ने बैठक में छत्तीसगढ़ के अल्पसंख्यक समाज से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने तथा समाज के हर वर्ग तक कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाने पर जोर दिया। अमीन मेमन ने कहा कि राहुल गांधी की मुहब्बत की राजनीति" में हर समाज और हर वर्ग के लिए बराबर का सम्मान और स्थान है। उन्होंने कहा कि देश में सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है।

**राष्ट्रीय स्तर पर संगठन मजबूत करने पर चर्चा** – बैठक में देशभर से पहुंचे अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता, युवाओं की भागीदारी और जनसंपर्क अभियान को मजबूत करने पर विचार–विमर्श किया। साथ ही आने वाले समय में अल्पसंख्यक समुदाय के बीच कांग्रेस की नीतियों और कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

**छत्तीसगढ़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह** – कोंडागांव के अमीन मेमन की राष्ट्रीय स्तर की बैठक में सक्रिय भागीदारी को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यक कांग्रेस पदाधिकारियों में उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने इसे प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए शुभकामनाएं दीं।

# 95 आवेदन मिले, विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को किया लाभान्वित

**कोण्डागांव।** सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत नरिहा में क्लस्टर स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 95 आवेदन प्राप्त हुए। विभिन्न विभागों द्वारा आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शिविर में कृषि, खाद्य, आदिवासी विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं श्रम विभाग सहित अन्य विभागों ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। राजस्व विभाग द्वारा 05 बी–1 एवं डिजिटल किसान किताब वितरित की गई। खाद्य विभाग ने 5 राशन कार्ड प्रदान किए। श्रम विभाग द्वारा 11 श्रम कार्ड वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने 06 जन्म प्रमाण पत्र एवं 05 आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। शिक्षा विभाग द्वारा 02 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मनरेगा के तहत 10 जॉब कार्ड भी प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 07 हितग्राहियों को नए आवास की चाबी सौंपी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई, अन्नप्राशन एवं पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। उद्यान विभाग द्वारा किसानों को अनुदान योजनाओं एवं कृषि सामग्री संबंधी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रें से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया।



## पेज 9 के शेष

### आरबीआई ने सिखाई शाखा...

जानकारी दी। जिससे काउंटर पर ही नकली नोटों की पहचान कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि रिजर्व बैंक का मुख्य उद्देश्य नकली नोटों के प्रचलन को रोकना एवं सुरक्षित बैंकिंग व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इसके अतिरिक्त क्लीन नोट पॉलिसी के अंतर्गत अत्यधिक गंदे अथवा अनुपयोगी हो चुके नोटों को करेंसी चेस्ट में जमा करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि जिन नोटों को किसी कारणवश चेस्ट बैंक में जमा नहीं किया जा सकता, उन्हें सीधे आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय में भी जमा कराया जा सकता है।

### समग्र विकास के लिए...

किया। उन्होंने सभी शिक्षकों से छात्रों के समग्र विकास के लिए इसी तरह कार्य करते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ओपन लिंक्स फाउंडेशन से नीलम अहिरवार, हेमन्त चंद्रा, एपीसी परमेश्वर पाण्डे, सीएसी जयप्रकाश तिवारी सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

### साहीवाल नस्ल की गाय...

के डॉ. मेहरा, डॉ. विनोद गुप्ता, अविनाश एवं एनबीपीजीआर से डॉ. संध्या ने मार्गदर्शन दिया। करनाल स्थित राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान में शुद्ध नस्ल के साहीवाल, थारपारकर, करन स्विस, करन फ्रिज गायों और मुर्राह भैंसों का अवलोकन किया। सेंटर प्रभारी डॉ. नितिन त्यागी से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं उचित रखरखाव व प्रबंधन की जानकारियां प्राप्त कीं। एबीआरसी में डॉ. निशांत कुमार के गाइडेंस में दूध बढ़ाने चयनित सांडों से वीर्य संग्रहण एवं कृत्रिम गर्भाधान के महत्व को समझा गया। जहां सोमेटिक सेल से विकसित क्लोन भैंसे श्रेष्ठ, तेजस एवं करण आकर्षण का केंद्र रहे।

**करनाल और कुल्लू के केंद्रों को देखा समझा-** करनाल स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ व्हीट एंड बार्ली रिसर्च का भ्रमण कर ब्रीडिंग, उत्पादन, प्रोसेसिंग एवं प्रबंधन का अवलोकन किया गया। इसके एटिक में डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से कृषि एवं संबंधित विभागों के कार्यों को अधिक विस्तार से समझा गया। टीम ने हिमाचल प्रदेश में कुल्लू स्थित कृषि विज्ञान केंद्र एवं हॉर्टिकल्चर संस्थानों का विजिट कर स्थानीय कृषि फसलों एवं उन्नत उत्पादन विधियों का अध्ययन किया गया।

**रोहतांग दर्रे की नैसर्गिक सुंदरता देखी-** मणिकर्णिका में दर्शनोपरांत मनाली किसान भवन में प्रवास करते हुए छात्रों ने स्थानीय मंडी व बाजारों का अध्ययन किया। वहीं हिडिंबा मंदिर के दर्शन किए, साथ ही रोहतांग दर्रे से बर्फ से ढके पहाड़ों एवं वहां की नैसर्गिक सुंदरता का भी भरपूर आनंद लिया। उत्तराखंड में देहरादून स्थित फॉरेस्ट रिसर्च अकादमी एवं सेंट्रल एकेडमी फॉर स्टेट फॉरेस्ट सर्विस जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का विजिट कर प्रभारी अमलेंदु पाठक से चर्चा की गई। जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में पीजी एवं पीएचडी जैसी उच्च शिक्षा करने प्रेरित किया।

**विद्यार्थियों ने भ्रमण को उपयोगी बताया-** छात्र दीपराज ने इसे सीखने और रोमांच का एक अद्भुत और अविस्मरणीय संगम बताते सफर को अविश्वसनीय कहा। जमीरूल ने बताया कि इस भ्रमण ने कक्षा से बाहर निकलकर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने और चीजों को वास्तविक जीवन में समझने का अनमोल अवसर दिया है जो उनके छात्र जीवन का हमेशा एक यादगार हिस्सा रहेगा। छात्रा रूपाली भारद्वाज ने कहा कि सेमेस्टर प्रारंभ होने के बाद से ही सभी छात्र इस कोर्स के लिए उत्साहित थे, हकीकत में कहीं ज्यादा अच्छा और प्रेरणादायक अनुभव प्राप्त हुआ।

## महंगाई बेरोजगारी और शिक्षा संकट पर चर्चा छोड़ पुतला राजनीति में उलझे दल : तिलक पांडे

# जनता के असली मुद्दों से भटकी भाजपा व कांग्रेस की राजनीति : सीपीआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई बस्तर संभाग ने भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों पर जनता के मूल मुद्दों से भटकने का आरोप लगाया है। सीपीआई के संभागीय संयोजक तिलक पांडे ने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि देश आज गंभीर आर्थिक और सामाजिक संकटों से गुजर रहा है, लेकिन प्रमुख राजनीतिक दल जनता की समस्याओं पर चर्चा करने के बजाय आरोप–प्रत्यारोप और "पुतला राजनीति" में व्यस्त हैं।

■ सीपीआई ने जनता से की जागरूक रहने और जवाब मांगने की अपील की

**महंगाई और बेरोजगारी ने जनता की कमर तोड़ी** – तिलक पांडे ने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, ईंधन संकट और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत से आम नागरिक परेशान है। रुपए का अवमूल्यन हो रहा है और युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था लगातार कमजोर हो रही है और पेपर लीक जैसी घटनाओं ने पूरे शैक्षणिक ढांचे की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



**खनिज संसाधनों की लूट और सामाजिक तनाव पर जताई चिंता** – सीपीआई ने बयान में कहा कि देश के खनिज संसाधनों की तस्करी और लूट से स्थानीय लोगों के अधिकारों और आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। साथ ही धार्मिक और सामाजिक तनाव का माहौल बनाकर समाज में विभाजन पैदा किया जा रहा है। तिलक पांडे ने कहा कि इस संवेदनशील समय में राजनीतिक दलों को जनता की समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन भाजपा और कांग्रेस केवल एक–दूसरे पर आरोप लगाने में जुटे हैं।

### *जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश*

*सीपीआई ने आरोप लगाया कि दोनों बड़े दल जनता का ध्यान असली मुद्दों से हटाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि रोजगार, शिक्षा, महंगाई, ईंधन संकट और संसाधनों के न्यायपूर्ण उपयोग जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा नहीं हो रही है।*

### *सीपीआई की प्रमुख मांगें*

*पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकारों से कई मांगें भी रखीं, जिनमें महंगाई और ईंधन संकट से राहत देने के लिए ठोस कदम, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण, रोजगार उन्मुख योजनाओं का विस्तार, पेपर लीक मामलों की स्वतंत्र न्यायिक जांच, आदिवासी एवं स्थानीय समुदायों के अधिकारों की रक्षा, खनिज संसाधनों के उपयोग में पारदर्शिता सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्यक्रम जैसी मांगें शामिल हैं।*

### *जनता जागरूक बने और जवाब मांगे*

*तिलक पांडे ने जनता से अपील करते हुए कहा कि नागरिक अपने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछें और लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी आवाज बुलंद करें। उन्होंने कहा कि सीपीआई सामाजिक न्याय, जनहित और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।*

**पाठक सूचना**

केशकाल एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

संवाददाता : चिराग उपाध्याय

उपाध्याय न्यूज एजेंसी

पता : केशकाल

मो. 89826 62810

## खबर संक्षेप

### पोर्टेबल मशीन से मौके पर ही हुए 109 एक्स-रे

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत भेजा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर सह सुशासन तिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की अभूतपूर्व मिसाल देखने को मिली। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में दूर-दराज से आए कुल 231 ग्रामीणों का विशेषज्ञों द्वारा सफलतापूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक स्क्रीनिंग की गई। इतना ही नहीं सुदूर वनांचल क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत देते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में आधुनिक पोर्टेबल एक्स रे मशीन की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इस अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए रिकॉर्ड 109 व्यक्तियों का मौके पर ही एक्स-रे परीक्षण किया गया, जिससे ग्रामीणों को इस बुनियादी जांच के लिए शहर जाने की परेशानी से निजात मिली। स्वास्थ्य क्षेत्र में मिली इस बड़ी कामयाबी के साथ-साथ शिविर में उपस्थित आमजनों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में लोक स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करते हुए पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। इसके साथ ही क्षेत्र को क्षय रोग से मुक्त करने की दिशा में ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। आधुनिक चिकित्सा कैंप के साथ शुरू हुआ यह सुशासन तिहार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सराहना के बीच अत्यंत सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### बस्तर मुन्ने कार्यक्रम में हुआ समस्याओं का निराकरण

**जगदलपुर।** शासन की अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने के संकल्प के साथ आदि सेवा केंद्र घाटलोहंगा में जनजातीय गरिमा उत्सव के अंतर्गत बस्तर मुन्ने कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भवन के परिसर में किया गया। सबसे दूर, सबसे पहले की प्रेरणादायी थीम पर आधारित यह जनभागीदारी अभियान पूरी तरह से बस्तर और जनजातीय क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास के लिए समर्पित रहा। शासन की मंशानुरूप इस विशेष शिविर में जनजातीय समाज के कल्याण के लिए संचालित शासकीय योजनाओं के व्यवस्थित क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए समस्त विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मुस्तैद नजर आए, जिन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। शिविर के दौरान राजस्व विभाग से संबंधित आए विभिन्न मामलों की गंभीरता को देखते हुए पटवारी भरत पटेल ने मौके पर ही उनका समाधान किया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की टीम से प्रेम, गोपिका और नेहा ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते हुए शिविर में पहुँचे जरूरतमंद ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच की और उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान कीं। इसके साथ ही कृषि विभाग से संतोष कश्यप ने उपस्थित होकर किसानों को विभागीय योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में सामाजिक और पर्यावरणीय सरोकारों को बढ़ावा देते हुए समस्त ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में आंगनबाड़ी परिसर के समीप वृक्षारोपण भी किया गया, जहाँ भविष्य की हरियाली के प्रतीक के रूप में आम का एक पौधा रोपा गया।

# अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हारम की नदी, प्रवाह थमा, जगह-जगह पसरी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

## कपड़े धोने और मवेशियों की प्यास बुझाने का एकमात्र सहारा बेहाल



गीदम नगर के हारम में बहने वाली इंद्रावती नदी की सहायक नदी की स्थिति दिन-प्रतिदिन चिंताजनक होती जा रही है। जलस्तर में लगातार गिरावट, जगह-जगह गंदगी और अवरुद्ध जलप्रवाह के कारण स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण दैनिक आवश्यकताओं के लिए इसी नदी पर निर्भर हैं। बड़ी संख्या में लोग यहां नहाने, कपड़े धोने तथा पशुओं की प्यास बुझाने पहुंचते हैं। लेकिन नदी की बदहाल स्थिति ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

कई स्थानों पर कचरे का ढेर, जलभराव और पानी में सड़ांध साफ दिखाई दे रही है। गर्मी के कारण जलस्तर पहले ही कम है, ऊपर से गाद और अवरोधों से प्रवाह भी प्रभावित हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी का पानी दूषित होने से स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। पशुओं को स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है। यह क्षेत्र धार्मिक आस्था से भी जुड़ा हुआ है। पर्व-त्योहारों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां स्नान और पूजन के लिए आते हैं। ऐसे में नदी की स्वच्छता और संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नदी की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए, गाद निकाली जाए और जल प्रवाह को सुचारु किया जाए। साथ ही दीर्घकालिक समाधान के लिए जल संरक्षण योजना, चेक डैम निर्माण और किनारों पर वृक्षारोपण जैसे कार्य किए जाएं।

### सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक पहचान पर खतरा

लोगों ने कहा कि नदी केवल पानी का स्रोत नहीं, बल्कि क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक पहचान भी है। इसके संरक्षण से ही आम जनता और पशुओं को राहत मिलेगी तथा गीदम की सांस्कृतिक विरासत बची रहेगी। आसपास रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में जल संकट और गंभीर रूप ले सकता है। जिससे पेयजल के साथ-साथ कृषि और पशुपालन पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा।

## बदलते बस्तर की नई तस्वीर, बंदूक के साए से सुशासन की छांव तक

# बाइक पर सवार होकर नक्सलियों के गढ़ रहे गांवों में पहुंचे कलेक्टर-सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

- पहुंचविहीन गांव मैलासुर, दंतेषपुरम, गछनपल्ली और बुर्कलंका में ग्रामीणों को दी सौगात
- स्कूल, अस्पताल, सड़क, पुल-पुलिया और डैम निर्माण की तत्काल स्वीकृति

बस्तर के सुदूर वनांचलों से डर और उपेक्षा का अंधेरा अब छंटने लगा है, और इसकी गवाह बनी सुकमा की वो तस्वीरें जहां जिले के मुखिया खुद दुर्गम रास्तों की परवाह किए बिना शुक्रवार को जनता के द्वार पहुंचे। कलेक्टर अमित कुमार और जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर ने कोंटा विकासखंड के धुर नक्सल प्रभावित रहे और पहुंचविहीन गांवों भेज्जी, मैलापुर, दंतेशपुरम, बुर्कलंका, गछनपल्ली, बोदराजपदर और डब्बाकोंटा का ऐतिहासिक दौरा किया। सालों से मुख्यधारा से कटे इन गांवों के उबड़-खाबड़ और पथरीले रास्तों पर जब अधिकारियों का काफिला मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकला, तो यह सिर्फ एक निरीक्षण नहीं, बल्कि ग्रामीणों के मन में प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति अटूट विश्वास जगाने का सफर बन गया। आजादी के बाद पहली बार किसी कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

**चौपाल पर संवाद और 'सुशासन परिसर' की सराहना :** दौरे के दौरान अधिकारियों ने बुर्कलंका में बन रहे सुशासन परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। कलेक्टर ने दुर्गम घने जंगलों के बीच बसे इस गांव में बने परिसर की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया। इस बहुद्देशीय परिसर में एक ही बाउंड्रीवाल के भीतर स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, पीडीएस सेंटर और सामुदायिक भवन को समेटा गया है, जो ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे सारी मूलभूत सुविधाएं देने का बेहतरीन मॉडल है। सुशासन शिविर के दौरान मैलासुर पंचायत में अधिकारियों ने जमीन पर बैठकर सरपंच, पटेल, मुखिया और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया, सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी और निर्माणाधीन कार्यों को समय पर पूरा करने का संकल्प दोहराया।





### स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगातें

प्रशासन का सबसे बड़ा फोकस ग्रामीणों की सेहत और बच्चों की शिक्षा पर रहा। कलेक्टर ने संवेदनशील पहल करते हुए भेज्जी पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई, जबकि मैलासुर में इसके लिए तत्काल जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, गछनपाल्ली में स्वास्थ्य कर्मियों के रहने के लिए स्टाफ क्वार्टर को मंजूरी दी गई, ताकि चौबीसों घंटे इलाज की सुविधा मिल सके। शिक्षा की लौ को मजबूत करने के लिए दंतेषपुरम में निर्माणाधीन प्राथमिक शाला भवन को बारिश के मौसम से पहले हर हाल में पूरा करने का निर्देश शिक्षा विभाग को दिया गया, साथ ही अंदरूनी इलाकों के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर सख्त रुख अपनाया गया। गांवों में खुशहाली और आत्मनिर्भरता लाने के लिए कलेक्टर ने आजीविका के नए द्वार खोले। मैलासुर और दंतेषपुरम के ग्रामीणों की मांग पर मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए तालाबों का चिन्हाँकन किया गया और ग्रामीणों को मछली बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। पानी की किल्लत को दूर करने के लिए दंतेषपुरम में एक नए डैम और तालाब निर्माण की बड़ी स्वीकृति दी गई, साथ ही क्रेड़ा विभाग को पानी टंकी बनाने के निर्देश दिए गए। मैलासुर और बोदराजपदर में पेयजल संकट को खत्म करने के लिए नए हैंडपंप और बोरिंग की तत्काल मंजूरी दी गई। पीएचई विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिन गांवों में जल जीवन मिशन का काम पूरा हो चुका है, वहां बिना देरी किए तत्काल जलापूर्ति शुरू की जाए। और जहाँ काम पूरा नहीं हुआ है वहां तेजी से कार्य पूरा कर ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाये।

### बस्तर की पहचान बंदूक से नहीं, बल्कि सुशासन और समृद्धि से हो रही

कलेक्टर ने बताया कि दूरस्थ और पहुंचविहीन गांवों में 'सुशासन परिसर' और बुनियादी सुविधाओं का निर्माण वाकई प्रेरणादायी है। हमारा मुख्य उद्देश्य नक्सलवाद के प्रभाव से मुक्त हो चुके इन अंतिम छोर के गांवों तक विकास की रफ्तार पहुंचाना है। बारिश से पहले स्कूल, अस्पताल, सड़क, पुल-पुलिया और जल जीवन मिशन से जुड़े सभी निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूरा किया जाएगा, ताकि हर ग्रामीण तक शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पहुंच सके। बस्तर के विकास में सबसे बड़ी बाधा रहे पहुंचविहीन रास्तों को अब पक्की सड़कों की मजबूती मिलने जा रही है। कलेक्टर ने बोदराजपदर, मैलासुर, दंतेशपुरम, गछनपल्ली और बुर्कलंका को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग को तत्काल प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए। इसके अलावा, आरईएस विभाग द्वारा डब्बाकोंटा में निर्माणाधीन आश्रम का भी मुआयना किया गया। मोटरसाइकिल के पहियों से शुरू हुआ प्रशासन का यह सफर सुकमा के इन दूरस्थ अंचलों में विकास की नई इबारत लिख गया है, जो यह साबित करता है कि नक्सलवाद के खात्मे के बाद अब बस्तर की पहचान बंदूक से नहीं, बल्कि सुशासन और समृद्धि से हो रही है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम कोंटा सुभाष शुक्ला, जनपद सीईओ सुमित ध्रुव, एडिशनल एसपी मनोज तिर्की, कार्यपालन अभियंता पीएमजेएसवाई रविंद्र ताती, महिला एवं बाल विकास अधिकारी रितिश टंडन, बीएमओ डॉ. दीपेश चंद्राकर सहित अन्य जिलाधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

# उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित करने की मांग

- चेम्बर व अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं जिला अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बस्तर संभाग में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित करने की मांग पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेम्बर के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ बिलासपुर में स्थित है। बस्तर संभाग के नागरिकों को न्यायिक कार्यों हेतु बिलासपुर तक सैकड़ों किमी की लंबी यात्रा करनी पड़ती है। संभाग के अंतिम छोर बीजापुर, सुकमा एवं भोपालपट्टनम जैसे क्षेत्रों से बिलासपुर की दूरी लगभग 650 से 700 किमी तक है। इस लंबी दूरी के कारण गरीब, आदिवासी, किसान, मजदूर, महिलाए एंव आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नागरिकों को अत्यधिक आर्थिक, मानसिक एवं सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार केवल एक न्यायिक तिथि के लिए नागरिकों को दो से तीन दिनों तक यात्रा करनी पड़ती है। यात्रा, आवास एवं अन्य खर्चों का भार इतना अधिक होता है कि अनेक लोग उच्च न्यायालय तक पहुंच ही नहीं पाते। परिणामस्वरूप वे व्यवहारिक रूप से न्याय प्राप्त करने के अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो जाते है। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समान एंव सुलभ न्याय का अधिकार प्रदान करता है। न्यायपालिका लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है तथा न्याय तक आसान पहुंच संविधान की मूल भावना है। इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में बस्तर के लाखों नागरिकों के लिए उच्च न्यायालय तक पहुचना अत्यंत कठिन बना हुआ है। बस्तर जिला अधिवक्ता संघ जगदलपुर एवं बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज द्वारा वर्ष 2011 से निरंतर इस मांग को शासन एंव संवैधानिक संस्थाओं के समक्ष उठाया जाता रहा है। समय समय पर केन्द्र एंव राज्य शासन, राज्यपाल, उच्च न्यायालय एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपे गए है। बस्तर की जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से निरंतर अपनी मांग रखी है, पर अब तक इस दिशा में ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका है।

उन्होंनें बताया कि नक्सल हिंसा से मुक्ति के बाद आज बस्तर तेजी से बदल रहा है। जहां कभी हिंसा एवं भय का वातावरण था, वहां अब विकास एवं विश्वास की नई धारा प्रवाहित हो रही है। सड़के गांवों तक पहुंच रही हैं, शिक्षा का विस्तार हो रहा है, उद्योग एवं पर्यटन के नए अवसर बन रहे है और युवा मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

# उज्ज्वला के बावजूद लकड़ी पर पक रहा खाना, खुले में शौच अब भी बड़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

- जनगणना कार्य में जुटे सुपरवाइजरों की बैठक



जनगणना कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने हेतु सुपरवाइजरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न एचएलबी क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों एवं समस्याओं पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि कई क्षेत्रों में खुले में शौच, शुद्ध पेयजल की कमी, गैस कनेक्शन होने के बावजूद लकड़ी एवं मिट्टी तेल का उपयोग, तथा बिजली एवं रोशनी की समस्या सामने आई है। इन समस्याओं को जनगणना के दौरान सही तरीके से चिन्हांकित कर शासन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया कि प्रगणक घर-घर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का सही आंकलन करें तथा लोगों को स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, बिजली उपयोग एवं स्वच्छ ईंधन के प्रति जागरूक भी करें। साथ ही जिन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, उनकी जानकारी प्राथमिकता से संकलित कर संबंधित विभागों तक पहुंचाई जाए ताकि भविष्य की विकास योजनाओं में उन्हें शामिल किया जा सके। बैठक में कहा गया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि समाज की वास्तविक समस्याओं को शासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। बैठक में मुख्य रूप से सुपरवाइजर चंद्रभान मिश्रा, शैलेन्द्र तिवारी, राजू पटेल, मनोज सिंह, मनीष वर्मा, लखेराम बीसाई, गंगा प्रसाद सोरी, तुलसी कश्यप सहित पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# घाट कवाली खड़क घाट पर पुल की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/बस्तर

- पुल नहीं होने से किसान, व्यापारी और छात्र बेहाल



बस्तर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत घाट कवाली, जनपद पंचायत तोकापाल के करंजी क्षेत्र में लंबे समय से पुल के अभाव में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से अति आवश्यक पुल निर्माण की मांग करते हुए कहा है कि बरसों से आवागमन की समस्या बनी हुई है, जिससे आमजन, किसान, व्यापारी और छात्र सभी प्रभावित हो रहे हैं।

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि करंजी मार्ग में नवीन पुल निर्माण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां प्रतिदिन ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। पुल नहीं होने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। कच्चे मार्ग एवं अस्थायी व्यवस्था के कारण लोग सुरक्षित तरीके से आवागमन नहीं कर पाते। कई बार लोग जान जोखिम में डालकर रास्ता पार करने को मजबूर होते हैं। किसानों ने बताया कि खेतों से उपज लाने और कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों का उपयोग करने में भारी दिक्कत आती है। रास्ता खराब होने से ट्रैक्टर फंस जाते हैं और समय के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।

स्थानीय युवाओं ने बताया कि साइकिल और बाइक से आने-जाने वाले लोगों को भी लगातार परेशानी होती है। खराब रास्ते के कारण वाहन जल्दी खराब हो जाते हैं, जिससे अतिरिक्त खर्च बढ़ जाता है। वहीं फोर व्हीलर वाहनों को भी मार्ग पार करने में कठिनाई होती है। कई बार वाहन चालकों को लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि तोकापाल हाट बाजार एवं बस्तर बाजार जाने वाले लोगों को रोजाना समस्याओं का सामना करना पड़ता है। दैनिक उपयोग की सामग्री, कृषि उपकरण और अन्य जरूरी सामान लाने-ले जाने में समय और पैसा दोनों अधिक खर्च हो रहा है। करंजी एवं घाट कवाली के बीच आवागमन बाधित होने से सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं।

### मांग पूरी न होने पर जनआंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द नवीन पुल निर्माण की स्वीकृति दी जाए। उनका कहना है कि पुल बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार जैसी मूलभूत सुविधाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आगे जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# किसानों को पारंपरिक खेती के साथ वृक्ष आधारित प्रणाली अपनाने के लिए कर रहे प्रेरित : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सागौन पौधरोपण से किसान को हुई 9.69 लाख की आय



वन मंत्री केदार कश्यप ने बालोद जिले के ग्राम पलारी निवासी कृषक अनिल जाजू को उनकी निजी भूमि पर विकसित सागौन वृक्षारोपण से प्राप्त आय के लिए शासन की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप चेक प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि राज्य शासन किसानों को पारंपरिक खेती के साथ वृक्ष आधारित कृषि प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। एग्रोफॉरेस्ट्री न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है, बल्कि यह किसानों के लिए दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा का भी मजबूत आधार बन रही है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान जनभागीदारी के माध्यम से हरित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

अनिल जाजू ने 2001 में अपनी 3.35 हेक्टेयर निजी भूमि पर सागौन वृक्षों का रोपण किया था। लगभग दो दशक की सतत देखरेख और संरक्षण के बाद 2025 में उन्होंने वृक्षों की कटाई कराई। वन विभाग के माध्यम से कुल 173 सागौन वृक्षों की कटाई की गई, जिससे 949 नग लकड़ी प्राप्त हुई तथा उसका कुल आयतन 33.24 घनमीटर दर्ज किया गया।

वन विभाग ने पूर्व निर्धारित दरों पर उक्त काष्ठ का क्रय किया तथा इसके एवज में 9.69 लाख रुपये की राशि कृषक के बैंक खाते में जमा कराई।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जनजाति सांस्कृतिक समागम में बस्तर के आदिवासी हुए शामिल





**जगदलपुर।** देश के अनेक राज्यों के अलावा नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश व पाकिस्तान के सीमावर्ती जिलों के जनजातीय सदस्यों ने रामलीला मैदान दिल्ली में आवाज बुलंद की। जहां रविवार को पांच स्थानों से 3 बजे रैली निकली। लाल किला मैदान में
लाखों की संख्या में आदिवासी एकत्रित हुए। आदिवासी समाज के आमसभा को मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सत्येन्द्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम, गणेश राम भगत राष्ट्रीय संयोजक जनजातीय सुरक्षा मंच एवं अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। जहां बड़ी संख्या में बस्तर संभाग के सभी 7 जिले से पहुंचे आदिवासी शामिल हुए।

### दंडाधिकारी जांच के लिए 1 जून तक साक्ष्य आमंत्रित

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आकाश छिकारा द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल डिमरापाल जगदलपुर में विगत 8 मई 2026 को उपचारार्थ विचाराधीन बंदी अमन कुमार उर्फ अमल पिता सुखनाथ निवासी राजूर थाना परपा की मृत्यु की दंडाधिकारी जांच के आदेश दिए गए हैं। इस घटना के जांच अधिकारी एसडीएम तोकापाल द्वारा उक्त घटना सम्बन्धी जानकारी रखने वाले आम नागरिकों से आग्रह किया गया है कि उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार की जानकारी या दावा-आपत्ति हो तो वे लिखित रूप से जानकारी 1 जून 2026 तक कार्यालय अनुविभागीय दंडाधिकारी तोकापाल में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त अभ्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# ग्रामीणों के विरोध के बाद कब्रिस्तान ले जाया गया महिला का शव

## मोहलई गांव में धर्मांतरित की मौत के बाद बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर प्रखंड के ग्राम पंचायत मोहलई में एक ईसाई मतातंरित महिला फूलमनी बघेल की मृत्यु के बाद उसके अंतिम संस्कार को लेकर उपजे विवाद को ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों की बैठक के बाद सुलझा लिया गया। परिवार ने मृतका का अंतिम संस्कार ईसाई कब्रिस्तान में किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहलई निवासी एक ईसाई मतातंरित महिला की मृत्यु के बाद परिजन ईसाई रीति-नीति से अंतिम संस्कार करने की तैयारी में थे। इसके लिए परिवार द्वारा ग्राम के माहरा समाज के पारंपरिक मुक्तिधाम का उपयोग करने की योजना बनाई गई थी। जैसे ही इसकी जानकारी ग्रामवासियों को लगी, उन्होंने इसका विरोध किया। स्थिति को देखते हुए गांव में ग्राम और समाज संगठन की एक बैठक की गई, जिसमें विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में सामाजिक संगठन पदाधिकारियों व ग्रामवासियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस मुक्तिधाम में सदियों से पुरातन एवं सनातन परंपरा के अनुसार अंतिम संस्कार किया जाता रहा है। किसी अन्य पंथ या धर्म के रीति रिवाजों के यहां प्रवेश से सदियों पुरानी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस दौरान ग्राम सभापति श्याम सुन्दर बघेल, उपसरपंच सनत बघेल, बनसाय कश्यप, तुलसी मौर्य, दीपक मौर्य, राजू मौर्य, लखमू, सम्पत, कलीच, सोनूराम बघेल, लखेश्वर यादव, सोमारुराम कश्यप, कमलोचन मौर्य, होमेश राठौर और सनी रैली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

### पुरातन परंपराएं सर्वोपरि

बजरंग दल विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप ने कहा कि हमारी पारंपरिक मान्यताओं, संस्कृति और स्थानीय संसाधनों पर किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। माहरा समाज के पदाधिकारी घनश्याम नाग ने कहा कि सामाजिक समरसता और हमारी पुरातन परंपराएं सर्वोपरि हैं। समाज के मुक्तिधाम का उपयोग केवल तय सामाजिक और पारंपरिक रीति रिवाजों के लिए ही हो सकता है, ताकि समाज की मूल पहचान अक्षुण्ण रहे।



### परंपराओं की रक्षा के लिए विहिप तैयार

विहिप बस्तर प्रखंड अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने कहा कि धर्म परिवर्तन के बाद पारंपरिक संस्कारों और संसाधनों पर अधिकार स्वतः ही समाप्त हो जाता है। सनातन संस्कृति और जनजातीय परंपराओं की रक्षा के लिए विहिप हमेशा समाज के साथ खड़ी है। ग्रामवासियों, माहरा समाज और हिंदूवादी संगठनों के कड़े और एकजुट विरोध के पश्चात, ईसाई मतातंरित परिवार ने अपनी योजना बदली। इसके बाद मृतका के शव को ईसाई कब्रिस्तान ले जाया गया, जहां ईसाई रीति रिवाज से अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

## भाजपा को लगातार हार के बाद कांग्रेस से सीट छीनने और कांग्रेस को बरकरार रखने की चिंता

# इंदिरा वार्ड में निगम बनने के बाद पहली बार होगा गैर मुस्लिम पार्षद

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

- इंदिरा वार्ड में भाजपा और कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर
- कांग्रेस ने रेखचंद और मिथिलेश पर तो भाजपा ने संजय पर जताया

राजनीतिक हलचल

शहर के इंदिरा वार्ड में एक सप्ताह बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि यहां कमल खिलेगा या पंजा का प्रभाव जारी रहेगा। उपचुनाव में सत्ताधारी दल के पक्ष में संभावना अधिक रहती है क्योंकि शासन प्रशासन के साथ साथ साधन संसाधन जिसमें सत्ता संगठन दोनों का प्रभाव रहता है वह मिलता है। लेकिन इंदिरा वार्ड में अभी तक नगर निगम बनने के 2 दशक बाद से भाजपा को सफलता नहीं मिली है। कांग्रेस में भी केवल एक मुस्लिम परिवार जिसमें पुत्र और माता को वार्डवासियों का लगातार आर्शीवाद मिलता रहा है। यहां से पार्षद रहे रशीद खान के आकस्मिक देहांत के बाद उपचुनाव हो रहे हैं। वे खुद तो पार्षद बनते रहे लेकिन जब महिला सीट हुई तब वे माताजी को चुनाव लड़ाकर जीताने में भी सफल होते रहे। कुल मिलाकर रशीद खान की छवि वार्ड में एक नेक दिल इंसान के साथ साथ वार्डवासियों के समस्याओं को अपना समझकर काम करने वाले व्यक्ति की रही। भाजपा को यहां पिछले 5 चुनाव में सफलता नहीं मिलना सबसे बड़ी चुनौती है। प्रतिष्ठा का सवाल इसलिए है क्योंकि राज्य और नगर प्रशासन दोनों में भाजपा की सत्ता है। वहीं अपने वार्ड डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी से लगातार पार्षद बनने के अलावा किसी दूसरे वार्ड से पार्षद बनने का रिकार्ड भी संजय पांडेय के नाम है। इस बार वे लंबी छलांग लगाकर सीधे कांग्रेस को हराकर महापौर बने हैं। इसलिए उनके लिए भी इंदिरा वार्ड में कमल खिलाना प्रतिष्ठा का सवाल है। इस बीच कांग्रेस ने इसी वार्ड के दो बड़े नेता पूर्व विधायक रेखचंद जैन तथा क्रेडा के पूर्व अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार को जिम्मेदारी देकर यह संदेश दिया है कि इस बार भी यहां पंजा का जीत कायम रखना है। कुल मिलाकर दोनों के लिए इस चुनाव में करो या मरो की स्थिति है। अब देखना है भाजपा की रणनीति काम आती है या फिर कांग्रेस को मिल रहा जनता का समर्थन जारी रहता है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि यहां कांग्रेस मुस्लिम प्रत्याशी की जगह ब्राम्हण पर दांव खेला है। कहा जा रहा कि रामकृष्ण तिवारी दिवंगत पार्षद रशीद खान के करीबी हैं। भाजपा ने भी ब्राम्हण नेता मनोहर तिवारी को मैदान में उतारकर एक ही समाज के दोनों प्रत्याशी के बीच मुकाबला रोचक बना दिया है। इसमें ब्राम्हण वोट दोनों में बंटना तय है। साथ ही वार्ड के मुस्लिम और मारवाड़ी वोट किसे मिलेगा यह जीत का पैमाना बनेगा। बहरहाल एक एक वोट के लिए दोनों दल ने पूरी ताकत झोंक दी हैं। दिन भर की तेज धूप ने प्रचार करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को हलाकान कर दिया है। इसलिए सुबह और शाम रात के समय को प्रचार में लगा रहे हैं।



### गुटीय राजनीति के चलते भीतरघात की आशंका

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल में गुटबाजी चरम पर हैं। भले ही पार्टी अनुशासन के चलते एक होने का दिखावा दिख रहा है लेकिन अंदरूनी स्थिति अलग हैं। विशेष तौर पर सत्ताधारी दल में जो पावर वाले नेता हैं उनके अपने अपने गुट हैं इसलिए जमीनी कार्यकर्ता चाहे वह वरिष्ठ हो या युवा खुद को असहज महसूस करता हैं। कांग्रेस के समय में भी गिने चुने नेताओं को ही सत्ता का फायदा मिलता रहा और अब भाजपा शासन में भी पावर स्टेशन बने नेता के इर्रद गिर्द रहने वाले लक्ष्मी पुत्र चापलूस नेता ही मजे उठा रहे हैं। इसलिए ऐसी स्थिति में खुलकर यह कहना कि किसको जीत मिलेगी यह जल्दबाजी होगी। बस यहीं कहना ठीक होगा कि मुकाबला बराबरी का है।

### उपेक्षित और नाखुश कार्यकर्ता घर बैठे

राजनीति के पंडित यह कहते हैं कि विधानसभा और लोक सभा चुनाव से भी ज्यादा टेंशन वाला चुनाव पार्षद का होता हैं। असल में कम मतदाता कम घर और प्रत्याशी की छवि यहां एक एक घर के वोट में मायने रखती हैं। इस चुनाव में उपेक्षित और नाखुश कार्यकर्ता जो घर बैठ गए हैं उनकी भूमिका चुनाव में असर डाल सकती है। वैसे भी इस वार्ड में व्यापारी समुदाय अधिक हैं और झुग्गी वार्ड में यह नहीं आता है इसलिए प्रलोभन और लेने देने की बात यहां महत्व नहीं रखती हैं। कुल मिलाकर कौन प्रत्याशी काम करेगा और उसकी जनता के बीच प्रभाव यहां असर करेगा यह तय है।

# 61 हजार में बिका कुर्बानी का बकरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- तोकापाल से लाए गए बकरे, खरीददार पहुंचे



बकरीद 28 मई को मनाई जाएगी, कुबार्नी का बकरा लेकर तोकापाल से आए लोगों ने बेची। यहां 5000 से लेकर 61 हजार रूपए के बकरे बिके। बाजार में जगदलपुर सहित आस-पास के व्यापारी और खरीददार पहुंचे थे। बाजार में कई नस्ल के बकरे बिके, इनमें से अधिकतम 61 हजार में एक बकरा बिका। संजय मार्केट में बकरीद से पूर्व रविवार को बकरा बाजार भरता था, लेकिन कोरोना काल के समय से बकरा बाजार बंद हो गया है। इसलिए शनिवार को तोकापाल में लगे मवेशी बाजार से लोगों ने कुर्बानी के लिए बकरे खरीदे।

## गांजा बेचते महिला गिरफ्तार



**जगदलपुर।** कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा बेचते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के कब्जे से करीब 930 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 49 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के पनारापारा क्षेत्र में एक महिला द्वारा गांजा बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम ने पनारापारा स्कूल के पीछे घेराबंदी कर महिला को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम निशा नाग निवासी पनारापारा बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से गांजा बरामद हुआ। वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने और गांजा बिक्री स्वीकार करने पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर, उप निरीक्षक अरुण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक सतीश यादव, मीना यादव सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एक अच्छा गुरु ही करता है बच्चे के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण : वैष्णव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एक दिवसीय बाल विकास गुरु हुआ प्रशिक्षण शिविर





श्री सत्य साई सेवा समिति के तत्वाधान जिला स्तरीय एक दिवसीय बाल विकास गुरु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत सुबह ओमकाराम, दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। समिति के जिलाध्यक्ष संजय वैष्णव, के रामैया, पूर्णिमा साहू, गीता विश्वास, हर्ष यादव, गीता विश्वास, निधि रायकवार, ऊषा सलाम, रुक्मणी कलिहारी, सीएल साव एवं समिति संयोजक मुकेश रायकवार ने कहा कि एक अच्छा गुरु ही बच्चे के उज्जवल भविष्य का निर्माण करता है। इसी उद्देश्य से बाल विकास गुरु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण में हम बच्चों को बेहतर तरीके से कैसे मार्गदर्शन दे इनकी संस्कारों और मूल्यों को कैसे विकसित करें इन विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में पालीभाटा, दंतेवाड़ा, बस्तानार, छापर भानपुरी, जगदलपुर, हल्बा कचोरा, पाल्लीभाटा, पखनाकोगेरा के भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम भगवान श्री सत्य साई बाबा की महामंगल आरती द्वारा संपूर्ण हुआ।



## रासेयो प्रशिक्षण शिविर में विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना के ईटीआई 2025-26 कार्यक्रम अधिकारी ट्रेनिंग कार्यशाला 22 से 28 मई के तृतीय दिवस का प्रतिवेदन समूह नंबर-2 की ओर से प्रस्तुत किया जा रहा है। ट्रेनिंग के तृतीय दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती एवं रासेयो के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन एवं रासेयो लक्ष्य गीत और वंदे मातरम के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम प्रवक्ता मौसमी विश्वास है, जिन्होंने तनाव प्रबंधन के बारे जानकारी दी। द्वितीय प्रवक्ता मोहम्मद अकबर खान व्याख्याता सेजेस किरीद गांव ने अपने रासेयो के अनुभव की जानकारी देते हुए कार्यक्रम अधिकारियों को प्रेरित किया। अगली प्रवक्ता प्रीति वानखेड़े सीनियर एडवोकेट फास्ट्रैक कोर्ट जगदलपुर ने महिला कानून पर विस्तृत जानकारी दिया। अंतिम प्रवक्ता डॉ. शालिनी गुप्ता ने आर्ट ऑफ लिविंग ऑफ पॉजिटिव लाइफ स्टाइल के बारे में व्याख्यान दिया।

# ग्रामीण अंचल के ग्राहकों को मिलेगी अधिक सुविधाजनक बैंकिंग सेवा : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष ने बीजापुर शाखा का किया निरीक्षण



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बीजापुर के शाखा भवन का निरीक्षण उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने शनिवार को किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन में उपलब्ध सुविधाओं एवं बैंकिंग व्यवस्थाओं को देख अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैंक स्टाफ से कहा कि किसानों एवं ग्राहकों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। क्षेत्र के किसानों, खाताधारकों एवं बैंक ग्राहकों को अधिक सुव्यवस्थित, सहज और बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही बैंक के कार्यों में तेजी और पारदर्शिता आएगी।

इस अवसर पर नोडल शाखा प्रबंधक समिति प्रबंधक छोटे लाल यादव दिनेश चंद्र पांडेय शाखा प्रबंधक तोयनार प्रमोद कासोजी शाखा प्रबंधक बीजापुर बेमुला भास्कर उपाध्यक्ष लैम्पस कर्मचारी संघ बीजापुर मलेया झाडी लैम्पस प्रबंधक सेंड्रा सहित वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रशेखर जोशी एवं भाजपा जिला किसान मोर्चा सह कोषाध्यक्ष प्रकाश रावल उपस्थित थे।

# ललित व इमानुएल को समाज की मिली जिम्मेदारी



**जगदलपुर।** चंदैया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में रविवार को आराधना के बाद पास्ट्रेट कमेटी एवं पास्ट्रेट कांफ्रेंस 0के पदाधिकारी का रेव्ह. ललित मोहन लाल, रेव्ह. इमानुएल नाग द्वारा अर्पण किया गया, उन्हें चर्च और समाज के लिए जिम्मेदारी दी गई। इसमें सचिव विश्वजीत सिंह, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार दानी, फाइनेंस कमेटी अध्यक्ष विनीश शाह, प्रॉपर्टी कमेटी अध्यक्ष अनिमेष दास, मेंबरशिप कमेटी अध्यक्ष रोहित सूता, सोशल कमेटी अध्यक्ष अंचल हिल, ले एक्टिविटी कमेटी अध्यक्ष श्री शैलेंद्र शाह, शांति व्यवस्था कमेटी अध्यक्ष श्री हीजिकल नाथ, लिटरेचर कमेटी अध्यक्ष आयुष सिंग, क्वायर कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह फाउलर, मसीह शिक्षा कमेटी अध्यक्ष स्मिता पॉल, प्रचार कमेटी अध्यक्ष अमृता सिंह, पुअर फंड कमेटी अध्यक्ष मोनिका हारून, प्रभु भोज कमेटी अध्यक्ष बसंत राव, कब्रिस्तान कमेटी अध्यक्ष प्रभात सिंह, मेथाडिस्ट मेन अध्यक्ष नरेश सेठी, महिला समिति अध्यक्ष बसंती नाथ, एमवायएफ अध्यक्ष आदीश सिंह, संडे स्कूल अध्यक्षा ग्रेसीना सिंह को जिम्मेदारी दी गई। इसकी जानकारी मसीह समाज के प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

# बस्तर के युवाओं ने हिमाचल की वादियों में प्लेस ऑफ पॉसिबिलिटीज यूथ फेस्टिवल से सीखे जीवन के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




बस्तर जिला प्रशासन की अनूठी पहल के अंतर्गत जगदलपुर जिले के 16 सदस्यीय युवाओं की टीम ने हिमाचल प्रदेश के बीर में आयोजित प्लेस ऑफ पॉसिबिलिटीज यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेकर जिला और राज्य का नाम रोशन किया है। कलेक्टर आकाश छिकारा एवं जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के निर्देशानुसार और जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के शैक्षणिक मार्गदर्शन में तैयार इस दल को 10 मई को आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था, जो अपनी अध्ययन भ्रमण सफलतापूर्वक पूरी कर 20 मई को सकुशल जगदलपुर वापस लौट आया है। इस पूरे आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में लाइफ स्किल्स, नेतृत्व क्षमता, प्रकृति आधारित सीख, सामुदायिक जीवन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेमुरमा के व्याख्याता मनीष कुमार अहीर ने नोडल अधिकारी के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अपनी इस 10 दिवसीय अध्ययन भ्रमण के दौरान युवा दल ने न केवल हिमाचल की वादियों को जाना, बल्कि देश की राजधानी दिल्ली में ऐतिहासिक इंडिया गेट का भ्रमण भी किया। हिमाचल प्रदेश के बीर पहुँचकर युवाओं ने विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग साइट, डियर पार्क और भगवान बुद्ध स्थल का अवलोकन किया। इसके साथ ही प्रतिभागियों ने ह्यूमन लाइब्रेरी, योगाभ्यास, नेचर वॉक, ट्रेकिंग, कैंपिंग और स्किल डेवलपमेंट गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेहद सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई।

जिला प्रशासन बस्तर और पीओपी टीम के सहयोग से मिला यह सुनहरा अवसर बस्तर के युवाओं के लिए सीख, संस्कृति, प्रकृति एवं आत्मविकास का एक प्रेरणादायी एवं अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हुआ है, जो भविष्य में उनके व्यक्तित्व को एक नई दिशा देगा।

